8 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 4/8/2024 11:29 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

2 अभ्यर्थियों के प्रवेश, नामांकन व्यवस्था हेतु कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा



## खबर संक्षेप

### जिले में बनाए गए 7 सहायक मतदान केन्द्र

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान में सहूलियत प्रदान करने हेतु जिले में कुल 07 सहायक मतदान केंद्र का निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने जिले के ऐसे मतदान केंद्र जिनमें मतदाताओं की संख्या 15 सौ से अधिक हैं, इन मतदान केंद्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। आयोग से प्राप्त अनुमोदन उपरांत जिले में कुल 7 सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा में 6 सहायक मतदान केंद्र का गठन किया गया है। कोरबा के लाटा में मतदान केंद्र क्रमांक 36 क, पोड़ीबहार में मतदान केंद्र क्रमांक 137 क, एसईसीएल में मतदान केंद्र क्रमांक 168 क मुड़ापार में मतदान केंद्र क्रमांक 225 क, खरमोरा में मतदान केंद्र क्रमांक 234 क, दादरखुर्द में मतदान केंद्र क्रमांक 238 क एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 कटघोरा में 1 सहायक मतदान केंद्र हरदीबाजार में मतदान केंद्र क्रमांक 190 क में बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को जिले में बनाए गए इन सहायक मतदान केंद्रों के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान कर सूची भी उपलब्ध कराई गई है।

### चुनाव सामग्री का वितरण किया जाएगा कटघोरा से

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कर्मचारियों को सुविधा प्रदान करने हेतु जिले के दो विधानसभा कटघोरा एवं पाली-तानाखार के मतदान केंद्रों के लिए ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट सहित अन्य चुनाव सामग्री का वितरण एवं जमा कार्य कटघोरा के मुकुटधर पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय में किया जाएगा। शेष कोरबा एवं रामपुर विधानसभा के लिए चुनाव सामग्री का वितरण स्ट्रांग रूम आईटी कॉलेज झगरहा से किया जाएगा।

### जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति गठित

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील रहने के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉड दल या स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जप्त की जाने वाली नगद धनराशि, बहुमूल्य वस्तुओं की जप्ती संबंधी मामलों के विरूद्ध संबंधित व्यक्ति द्वारा जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति के समक्ष अपील किया जा सकेगा। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति जिससे किसी भी प्रकार की जप्ती हुई है वह दूरभाष क्रमांक 07759-225095 में संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला स्तर पर गठित समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तथा वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सदस्य होंगे।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सत्येंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष, जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सचिव श्रीमती शीतल निकुंज ने आम नागरिकों से अपील की है कि न्यायालय में संस्थित अपने सिविल, क्रिमिनल, मोटर दुर्घटना, बैंक संबंधी मामले, निगम से संबंधित जल कर, भू-कर, मकान कर, बिजली से संबंधित मामले, दूर संचार विभाग से संबंधित मामले, विभिन्न आपराधिक प्रकरण एवं पारिवारिक विवाद जैसे समस्त मामले जो राजीनामा योग्य हो, उसमें न्यायालय पहुंचकर अपने मामले समझौता एवं सुलह के माध्यम से निराकरण कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 11 मई को नेशनल लोक अदालत के साथ ही जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

### शहर के 6 अलग अलग स्थानों पर अस्थाई चौकी, मचान व हाइराइज से होगी निगरानी

# हिन्दू नववर्ष पर निकलेगी झांकी, पुलिस बल रहेगा तैनात



शोभायात्रा की तैयारी में सजा निहारिका स्थित सुभाष चौक।



आकर्षक साज सज्जा के साथ टीपी नगर चौक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए शहर के दो अलग-अलग स्थान से विशाल रैली व झांकी निकाली जाएगी। इस दौरान आम लोगों की भारी भीड़ एकत्रित होने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की है। आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए शहर के अलग-अलग स्थान में अस्थाई चौकी तो 6 अलग-अलग स्थान में मचान व हाई रेंज बाइनाकूलर कैमरा से पुलिस सीधे निगरानी करेगी। साथ ही पुलिस के लगभग 400 अधिकारी कर्मचारी तैनात रहेंगे ताकि किसी तरह की कोई अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो।

उल्लेखनीय है कि देशभर में हिन्दू नववर्ष का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए ऊर्जाधानी में भी विशेष तैयारी की गई है। शहर के कोसाबाड़ी से टीपी नगर के बीच व सीतामढ़ी चौक से टीपी नगर बस स्टैंड तक दो अलग-अलग रैली आयोजित की गई है। रैली में शामिल होने देश के विभिन्न राज्यों से झांकी मंगाई गई है। ढोल ताशा के साथ झांकी निकाली जाएगी। इस झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे। इसके लिए शहर के मुख्य मार्ग को पुलिस द्वारा पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### इन मार्गों से करना होगा आना जाना

डायर्वसन मार्ग छोटी गाडियो व बस के लिए उरगा चैक से तरदा तिराहा से सर्वमंगला चैक होते हुये कुसमुण्डा या रातखार प्रगतिनगर दर्री कटघोरा बिलासपुर मार्ग, बरबसपुर से बालको, दर्री, कटघोरा होते हुये बिलासपुर मार्ग, ईमलीडुग्गु रेल्वे स्टेशन, मानिकपुर मार्ग, गुरूघासीदास तिराहा से मानिकपुर, रेल्वे स्टेशन मार्ग, एस.सी.सी. पेट्रोल पम्प से रातखार, प्रगतिनगर, दर्री, कटघोरा मार्ग, आर.टी.ओ. तिराहा से न्यूईरा स्कूल, आईटीआई चैक होते बालको मार्ग, सिविल लाईन रामपुर थाना के पास से आईटीआई चैक, बालको, दर्री, कटघोरा मार्ग से आना जाना कर सकते हैं।




### 2 एडिशनल एसपी, 7 डीएसपी रहेंगे तैनात



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी के पर्व पर लगभग 400 से अधिक पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसमें एडिशनल एसपी दो, 7 डीएसपी, 15 निरीक्षक, 5 सब इंस्पेक्टर, 32 एएसआई, 45 हवलदार, 200 आरक्षक, 60 महिला आरक्षक को तैनात किया गया है। वहीं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे व आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए एक डीएसपी व 50 पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है। बताया जाता है कि दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक सीतामढ़ी से लेकर कोसाबाड़ी तक मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान सभी लोगों को डायवर्सन मार्ग से ही आना-जाना करना होगा। जहां पुलिस के अधिकारी बकायदा लाउडस्पीकर व बायनोकूलर कैमरा के साथ तैनात रहेंगे और अनाउंसमेंट कर आम लोगों को आगाह करते रहेंगे इसके अलावा फिक्स पॉइंट पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे और रैली व झांकी को सुरक्षित आगे बढ़ाने के लिए रास्ता पार्टी भी अलर्ट रहेगी और रास्ता पार्टी सड़क को आगे क्लियर करती रहेगी। साथ ही पुलिस के आला अधिकारी भी रैली के साथ तैनात रहेंगे और पल-पल की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को देते रहेंगे। इसके लिए पुलिस ने ड्यूटी चार्ट तैयार कर लिया है और कौन से अधिकारी की कहां ड्यूटी लगाई जाएगी यह भी कर लिया गया है। पुलिस के आला अधिकारियों को इसके लिए पहले ही अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

### इस मार्ग से गुजरेगी शोभायात्रा

शोभायात्रा कोसाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर, सुभाष चौक, घंटाघर चौक, महाराणा प्रताप चौक, जैन चौक, सीएसईबी चौक, आईसीआईसीआई बैंक से टैगोर उद्यान टीपी नगर में समाप्त होगी। वहीं दूसरी शोभायात्रा सीतामढ़ी से पुराना बस स्टैंड, रेल्वे क्रासिंग, सुनालिया चौक, टीपी नगर से नया बस स्टैंड तक के बीच गरिमापूर्ण ढंग से निकाली जाना है।

### 60 अधिकारी कर्मचारी देंगे आमद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश के विभिन्न जिलों में वीआईपी का मोमेंट हो रहा है। इसके मद्देनजर जिले के कई अधिकारी, कर्मचारियों की वीआईपी आगमन को लेकर ड्यूटी लगाई गई है। वहीं रामनवमी में कोरबा जिले में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित होता है इसके मद्देनजर रेंज स्तर से अलग से पुलिस बल की डिमांड की गई थी। बताया जाता है कि रेंज स्तर के विभिन्न जिलों से लगभग 60 पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारी कर्मचारी मंगलवार के दोपहर 12 बजे तक तैनात हो जाएंगे। इसके उपरांत दोपहर 3 बजे से रैली शुरू होगी जो देर रात तक चलेगी।

### इन स्थानों में होगी पार्किंग की व्यवस्था

सुभाष चौक मैदान, एमपी नगर मैदान, सीएसईबी ग्राउंड, सुनालिया मल्टीस्टोरी पार्किंग के सामने मैदान, सीतामणि शनि मंदिर चौक के पास पार्किंग, बुधवारी सर्कस मैदान पार्किंग, स्टेडियम चौक पार्किंग जोन बनाया गया है। बडी गाड़ी रोकने का स्थान व समय दोपहर 1 बजे से शोभायात्रा समाप्ति तक तय किया गया है जिसमें थाना करतला के पास, भैसमा से उरगा ओवर ब्रिज के पास, लैंको ओवर ब्रिज के पास, कनकी के ओवर ब्रिज के पास, बालको एल्मुना गेट के पास, दर्री जवाहर गेट के पास, कुसमुण्डा भुट्टा चैक व 6 नंबर गेट के पास पार्किंग की व्यवस्था दी गई है।

# चैत्र नवरात्र का पर्व आज से, 9 दिन तक चलेगी आदिशक्ति की भक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष देवी मंदिरों में प्रज्जवलित किए जाने वाले ज्योति कलश की संख्या सोमवार तक 12 हजार पहुंची है।

### खास बातें

- सर्वमंगला देवी मंदिर में 5 एनआरआई सहित 52 सौ मनोकामना ज्योत होंगे प्रज्जवलित
- जिले के देवी मंदिरों में 12 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित किए जाएंगे

हालांकि रसीद काटने का काम देर शाम तक जारी रहेगा। शहर के हसदेव तट पर स्थापित मां सर्वमंगला मंदिर में 5 एनआरआई सहित 62 सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित हो रहे हैं। इनके अलावा ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों के देवी मंदिरों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे।



फाइल फोटो

चैतुरगढ़ मां महिषासुरमर्दनी में इस वर्ष नवगठित ट्रस्ट के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। सोमवार शाम तक यहां 21 सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने की रसीदे कटी है। वहीं जिले की सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित चेपारानी पहाड़ मंदिर में 752 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। वहीं कोरबा चांपा मार्ग में मड़वारानी पहड़ पर स्थित मां मड़वारानी मंदिर में सोमवार शाम तक दोनों समितियों के द्वारा 32 सौ रसीदे कटी हैं। हालांकि क्षेत्र के अन्य ग्रामीण अंचलों में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने का काम चल रहा है। शहर के प्रमुख सर्वमंगला मंदिर में 55 सौ तेल के ज्योति कलश एवं 7 सौ घी के ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जा रहे हैं। दर्री बराज स्थित मां भवानी मंदिर में 11 सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित ⏭ शेष पेज 2 पर

### कहां कितने ज्योति कलश होंगे प्रज्जवलित

| मंदिर | ज्योति कलश |
| --- | --- |
| सर्वमंगला मंदिर | 6200 |
| चैतुरगढ़मंदिर | 2100 |
| मड़वारानी मंदिर | 4200 |
| चेपारानी मंदिर | 230 |
| कोसगाई मंदिर | 450 |
| भवानी मंदिर | 750 |
| डंगनाई देवी | 120 |

### पहाड़ों में देवी की भक्ति के लिए चढ़ेंगे श्रद्धालु

मड़वारानी से लेकर चेपारानी एवं चैतुरगढ़ तथा छुरी जमीदारी में आने वाले कोसगाई पहाड़ पर स्थित कोसगाई देवी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का नवरात्र के पहले दिन से ही पहुंचना शुरु हो जाएगा। पहाड़ों पर विराजित देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए सभी तरह की व्यवस्था की गई है। पेयजल की व्यवस्था को लेकर कोसगाई और मड़वारानी पहाड़ में मंदिर समितियों के द्वारा पानी की व्यवस्था के लिए ग्रामीणों को तैनात किया गया है। दुर्गम पहाड़ियों में स्थित कोसगाई पहाड़ की चढ़ाई कठिन होने के कारण उपर पहाड़ तक पानी ले जाना कठिन कार्य रहता है। फिर भी मंदिर समिति अपनी ओर से इसके लिए व्यवस्था की है।

# जिला अधिवक्ता संघ के गणेश अध्यक्ष, नूतन बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष पद का ताज गणेश कुलदीप के सिर सजा है तो वहीं दूसरी ओर सचिव के लिए नूतन सिंह ठाकुर को दूसरी बार अधिवक्ताओं ने मौका दिया है। जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए रविवार को मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई थी जिसके बाद सोमवार की सुबह 9 बजे से अधिवक्ता भवन में मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जहां मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक सहित अन्य चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में मतगणना प्रारंभ कराई गई। जहां एक-एक कर मतगणना कर शाम को विजयी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद में गणेश कुलदीप को 306 मत, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुधीर निगम को 270 मत मिले। गणेश कुलदीप ने 36 मतों से अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया जबकि उपाध्यक्ष वरिष्ठ पुरुष के लिए अनीश कुमार सक्सेना को 308 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे नरेश कुमार साहू को 186 मत मिले। उपाध्यक्ष कनिष्ठ महिला जिसमें श्रीमती शिव कुमारी कंवर को 282 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी उत्तरा राठौर को 232 मत मिले। इसी तरह सचिव पद के लिए नूतन सिंह ठाकुर को 287 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुनील यादव रहे जिन्हें 264 मत प्राप्त हुए। इसी तरह सह सचिव के लिए राजू कुमार देवांगन को 271 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी नंदकिशोर पासवान को 187 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए अमरनाथ कौशिक को 433 मत मिले, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुनील कुमार सोनवानी को 267 मत मिले। ग्रंथालय सचिव के लिए राजकुमार यादव को 343 तो क्रांति कुमार श्रीवास को 220 मत प्राप्त हुए। इसी तरह क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए लक्ष्मण प्रसाद पटेल को 464 मत प्राप्त हुए थे जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुरेश कुमार महंत को 237 मत प्राप्त हुए। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य में छतराम साहू, ज्योति वर्मा, श्रीमती रीता पुलस्त, रोमेश सिंह ठाकुर, खेमलाल किशोर, रामेश्वर सिंह कंवर को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है।



परिणाम घोषणा के बाद अधिवक्ता संघ के नए पदाधिकारी।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए बांगो एवं हसदेव बराज पर विभाग निर्भर

# कम बारिश से जलाशयों में मछली पालन घटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के मत्स्य विभाग को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए बांगो बांध एवं हसदेव बराज पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इस वर्ष बारिश कम होने से अन्य बड़े जलाशयों में एवं विभाग की हेचरी में पानी कम होने के कारण उत्पादन पर प्रभाव पड़ा है। उत्पादन बढ़ाने के लिए विभाग ने इस बार सतरेंगा में मछली उत्पादन का काम निजी हाथों को भी दिया है। ताकि मछली उत्पादन को जिले में बढ़ाया जा सके। किंतु पानी की कमी से विभाग को उसके लक्ष्य प्राप्ति की डगर कठिन हो गई।



ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब जहां किया गया था मछली पालन।

बांगो बांध और हसदेव बराज के अलावा अन्य जलाशयों में मछली उत्पादन का काम बढ़ाने के लिए मत्स्य विभाग ने ठेका पर कार्य दिया था। किंतु बारिश कम होने के कारण जलाशयों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं रहा। कई ऐसे बड़े जलाशय ऐसे हैं जहां अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में ही तेज गर्मी के कारण जल स्तर घटने लगा है। जिसका असर मछली उत्पादन पर भी पड़ा है। सतरेंगा के डूबान क्षेत्र में मछली उत्पादन हेतु गेज के माध्यम से उत्पादन करने के लिए निजी कंपनी को काम सौंपा था। अपेक्षाकृत वह परिणाम विभाग को नहीं मिला। जिसके उद्देश्य से निजी कंपनी को सौंपा गया था। इनके अलावा बुका, टेहरीसरई, बेला जलाशय एवं बरपाली तथा गोपालपुर में विभाग द्वारा बनाए गए हेचरी से भी उत्पादन नहीं हो सका है। इनके अलावा करतला विकास में सद्दुगला जलाशय में भी मछली उत्पादन का ⏭ शेष पेज 2 पर

### सक्रिय नहीं मछुवा सहकारी समिति

जिले के ग्रामीण अंचलों में मछुवा सहकारी समिति का गठन किया गया है। ताकि ग्रामीणों को मछली उत्पादन के रोजगार से जोड़ा जा सके। विभाग के द्वारा मछुवा सहकारी समिति के सदस्यों को जाल के साथ नाव आदि सामग्री वितरण करने के साथ उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इन समितियों का पंजीयन सहकारी विभाग में किया गया है। जिसके द्वारा ऑडिट किया जाता है। इन समितियों में 12 समिति ही सक्रिय नजर आई जो मछली उत्पादन कार्य से जुड़ी हुई है।

# नियम विरूद्ध पदोन्नति को कलेक्टर ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने एकीकृत, बाल विकास परियोजना पाली अन्तर्गत ग्राम भरूहामुड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर की गई पदोन्नति को नियम विरूद्ध पाये जाने पर निरस्त कर नये सिरे से पदोन्नति के निर्देश दिए हैं।

### खास बात

- महिला बाल विकास विभाग को नए सिरे से पदोन्नति के दिए निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम भरूहामुड़ा ग्राम पंचायत चैतमा तहसील पाली अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों में पदोन्नति उपरांत उसी ग्राम के आंगनबाड़ी सहायिका अथवा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पदोन्नति की जानी थी। विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली द्वारा रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर पदोन्नति हेतु पांच वर्ष सेवा पूर्ण कर चुकी सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जानकारी मंगाई गई थी। इस दौरान मूल्यांकन समिति के द्वारा योग्यता सूची तैयार कर अनुमोदन पश्चात प्रथम क्रम में आवेदिका उमा सिंह, चूड़ामणी सिंह का पदोन्नति कर लिया गया। इस संबंध में आवेदक मदन गोपाल ⏭ शेष पेज 2 पर

8 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 4/8/2024 11:37 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय सम्मेलन में गोंड समाज ने दिया एकता का परिचय



**अंबिकापुर।** सोमवार को गोंड समाज द्वारा संभाग स्तरीय सम्मेलन लुंड्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले धौरपुर के ग्राम करौली में आयोजित किया गया। गोंड समाज के संभाग स्तरीय सम्मेलन में समाज की एकता का परिचय देते हुए सभी जिलों से प्रतिनिधि शामिल हुए। गोंड समाज के सामूहिक नेतृत्व में हुए आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता, शिक्षा के प्रति समाज में जागरुकता और बाल विवाह जैसी कुरीतियां को दूर करना था। जनपद पंचायत लुंड्रा के अध्यक्ष गंगा राम पैकरा ने जानकारी देते हुए बताया सरगुजा संभाग के सभी कोने से समाज के मुखिया लोगो नेयुवा पीढ़ी को गोंद समाज के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। युवाओं को सामाजिक कार्यो में जुड़ने, जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिये काम करने और अपनी राजनीतिक मजबूती को बनाये रखने पर बल दिया। सम्मेलन में पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, लोकसभा चुनाव में समाज से प्रत्याशी शशि सिंह कोर्राम, शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्यासागर सिंह, वीरेंद्र सिंह, कमला प्रसाद, शिवचरण सिंह, एपी सांडिल्य, धरमसाय, विजयसिंह, शिवशंकर सिंह, विरोध राम, उपेंद्र सिंह, अनुप टेकाम, रामप्रकाश पोर्ते, दारा सिंह, त्रिभुवन सिंह, गोविंद सिंह उईके, अमृत सिंह मरावी, गोवर्धन सिंह, दीपनारायण सिंह, संशोधन सिंह, पूरन टेकाम, समुंदर साय, देवस प्रताप सिंह, परशुराम राम, अमरपति सिंह, अभिषेक पावले, रामनीवास टेकाम सहित समाज लोग शामिल हुए।

### दो सांप की जोड़ी को देखने उमड़ी लोगों की भीड़



**अम्बिकापुर।** शहर के दर्रीपारा गेहूं बाड़ी चौराहे के समीप उस वक्त लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी जब झाड़ी किनारे दो सांप जोड़ी को लोगों देखा। शहर के बीच लगभग 8 फीट दो सांपों के एक दूसरे लिपटे देख लोगों में चर्चा का विषय बन गया। मार्ग से गुजर रहे लोग दो सांपों के मिलन को देखकर अपने आप को रोक नहीं सके। दोपहर लगभग 12 बजे चौराहे के समीप लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए की मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जो लोग सांप को देख उससे दूर भागते है वहीं दो सांप के आपस में इस कर लिपटे रहे की लोग उनके काफी करीब जाकर सांप को छूने का प्रयास किया। इधर कुछ लोगों ने सांप तौलिया से सांप को ढक दिया तो वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने सांप के खेलने का वीडियो और फोटो बनाना शुरू कर दिया। दोनों सांप पेड़ के नीचे लगभग आधे घंटे तक एक दूसरे से लिपट कर पूंछ के सहारे खड़ा होते फिर गिर जाते। इस नजारे को लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर अपने परिचितों को शेयर किया। लोगों की भीड़ तब कम हुई जब दोनों सांप झाडी में चले गए।

### पेड़ से गिरी महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** पेड़ पर चढ़कर डाल काट रही महिला पैर फिसल जाने से नीचे गिर गई। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामचंदरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बाहरचुरा निवासी संजीता पति सोहर (52 वर्ष) शनिवार को बकरी चराने खेत की ओर गई थी। दिन 11 बजे के लगभग खेत के समीप सरई पेड़ पर चढ़कर डाल काट रही थी। इसी दौरान पैर फिसल जाने से नीचे गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को घर लेकर आए और घर पर ही उपचार करने लगे। आज सुबह महिला की हालत बिगड जाने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### गोविंदपुर में मोटर पंप चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत गोविंदपुर रजवारपारा में लगवाए गए सबमर्सिबल मोटरपंप चोरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि 7 अप्रैल को प्रार्थी संतोष सिंह पिता सिंकंदर प्रसाद सिंह निवासी पुरना माईनस कुम्दा कालोनी गोविन्दपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम पंचायत गोविन्दपुर में पंचायती मद से एक सबमर्सिबल मोटर पंप रजवारपारा में अमर सिंह के घर के पीछे लगवाया गया था। अज्ञात चोरों द्वारा उक्त मोटर पंप को गत दिनों 5 अप्रैल को चोरी कर लिया गया था। मामले में पुलिस ने पतासाजी के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंचायत करमपुर बरपारा निवासी 27 वर्षीय हिंदेश्वर बखला पिता भग्गू राम बखला व 23 वर्षीय पवन लकड़ा पिता जगरनाथ लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## निजी वाहनों की भुगतान हेतु परिवहन विभाग ने जारी किया फंड

# चुनाव कार्य में लगे 207 स्कूल बसों का हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान दल को लाने ले जाने के लिए अधिकृत किए गए वाहनों के भुगतान की प्रक्रिया अब जाकर शुरु की गई है। 207 स्कूलों बसों के बिल भुगतान

**खास बात**

- आरसी बुक में वाहन मालिक का नाम अलग होने से सामने आई थी दिक्कत



फाइल फोटो

परिवहन भुगतान द्वारा किया गया है। शेष अन्य वाहनों के भुगतान की प्रक्रिया के लिए परिवहन विभाग द्वारा राशि जारी कर दी गई है। आरसी बुक में वाहन मालिकों के नाम अलग होने के कारण भुगतान में दिक्कते आ रही थी।

विधानसभा चुनाव ड्यूटी के लिए परिवहन विभाग ने वाहनों का अधिग्रहण किया था जिनमें स्कूल कॉलेज के वाहनों के अलावा निजी वाहन भी शामिल थे। कुल 548 वाहन अधिग्रहित किए गए थे। जिनका उपयोग चुनाव सामग्री और मतदान दल को मतदान केंद्रों में लाने ले जाने के लिए किया गया था। जिनके भुगतान को लेकर निर्वाचन आयोग ने चुनाव संपन्न होने के बाद जनवरी माह में बजट जारी किया है। परिवहन विभाग ने भुगतान को लेकर प्रक्रिया शुरु की थी। वाहनों के मालिकों के नाम उनके आरसीबुक सहित रजिस्टेशन नंबर आदि दस्तावेज जमा कराने का कार्य शुरु किया गया था किंतु विभागीय अधिकारियों ने भुगतान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई परिणाम स्वरुप लचर व्यवस्था के कारण वाहन मालिक परिवहन कार्यालय के चक्कर काटते रहे। जांच प्रक्रिया के दौरान यह बात सामने आई कि जितने वाहनों का अधिग्रहण किया गया है उनमें से अधिकांश वाहन मालिकों के नाम आरसी बुक में बदले ही नहीं गए हैं। जिसकी वजह से भुगतान को लेकर तकनीकी दिक्कते सामने आ रही थी। तत्कालीन परिवहन अधिकारी ने इस समस्या के निराकरण के लिए तत्परता नहीं दिखाई लिहाजा चुनाव संपन्न होने के तीन माह बाद भी भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।

### नवपदस्थ अधिकारी ने शुरु की कार्यवाही

वाहनों के भुगतान को लेकर लगातार आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेकर कलेक्टर ने भुगतान की कार्यवाही तत्काल शुरु करने के निर्देश दिए थे। नवपदस्थ परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने जब भुगतान की प्रक्रिया के लिए दस्तावेज मंगाने की प्रक्रिया शुरु किया तो यह जानकारी सामने आई कि 548 वाहनों में से केवल 60 वाहन मालिकों ने अपने दस्तावेज जमा किए हैं। पूर्व परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे के कार्यकाल के दौरान केवल 60 वाहनों के दस्तावेज जमा हुए थे। उनके द्वारा इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाए जाने के परिणाम स्वरुप प्रक्रिया तीन माह तक लटकी रही और अब जाकर 207 स्कूल वाहनों का भुगतान पूर्ण हो चुका है। शेष वाहन मालिकों से शपथ पत्र लेकर उनके खाते में पैसे भेजे जा रहे हैं।

### भुगतान की प्रक्रिया चालू है

548 वाहनों का अधिग्रहण विधानसभा चुनाव के लिए किया गया था। जिनमें 207 स्कूल वाहनों का भुगतान किया गया है। शेष वाहनों की भुगतान की प्रक्रिया जारी है। बैंक खाता नंबर जमा होते ही भुगतान किया जा रहा है।

-**विवेक सिन्हा,** जिला परिवहन अधिकारी

# इस बार चुनाव ड्यूटी से अलग किए गए निगम के स्वच्छता कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधानसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले नगर निगम के स्वच्छता कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी लोकसभा चुनाव में बंद कर दी है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के मद्देनजर एवं निगम के वार्डों में

**खास बातें**

- विधानसभा चुनाव में सभी सुपरवाइजरों की लगी थी ड्यूटी
- स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के मद्देनजर किया गया अलग

सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की योजना अंतर्गत सभी सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मियों को चुनाव ड्यूटी से अलग रखा गया है। आने वाले दिनों में निगम के सभी वार्डों में स्वच्छता सर्वेक्षण का काम किया जाना है। लोकसभा चुनाव के बाद इसकी भी तैयारियां शुरु हो जाएंगी।

गर्मी के मौसम में लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले कर्मचारी किसी न किसी बहाने से ड्यूटी से बचने का प्रयास करते हैं। वहीं दूसरी ओर निर्वाचन विभाग ने इस बार विधानसभा कोरबा के सभी 249 बूथ में महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दिया गया है। जिन्हें ड्यूटी के लिए विधानसभा चुनाव में ग्रामीण अंचलों में जाना पड़ा था। इस बार अधिकांश महिला कर्मचारियों को शहर के बूथों में ड्यूटी लगाकर राहत दी गई है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिक निगम के स्वच्छता विभाग में कार्यरत सभी जोन के सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी से अलग रखा गया है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निगम के सभी कर्मचारियों की ड्यूटी अलग अलग कार्यों के लिए लगाई गई थी। इस बार शिक्षकों को भी ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है। जिनमें अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षक भी शामिल हैं। नगर निगम में अभी भी कुछ ऐसे विभाग हैं जिनके कर्मचारियों की ड्यूटी न तो विधानसभा चुनाव में लगी और न ही लोकसभा चुनाव में। जिससे निगम के कर्मचारियों में चुनाव ड्यूटी के दौरान पक्षपात किए जाने की भी चर्चा है। उनकी मानें तो कई ऐसे कर्मचारी है जो विधानसभा लोकसभा के चुनाव ड्यूटी से किसी ने किसी कारण से या अधिकारियों की तरफदारी से बच निकलते हैं।

### चुनाव ड्यूटी में मतदान केंद्रों में रहेगी व्यवस्था

चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए गर्मियों से राहत देने वाले पीने के ठंडे पानी के साथ बिजली के पंखे और टेबल फेन की भी व्यवस्था की गई है। ऐसी स्थिति ग्रामीण अंचलों के मतदान केंद्र में नजर आ रही है। मतदान केंद्र बनाने का काम भी निर्वाचन विभाग के द्वारा शुरु कर दिया गया है। कई ऐसे मतदान केंद्र है जहां अभी भी बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। अधिकतर मतदान केंद्र स्कूल को ही बनाया जाता है। जहां बिजली के पर्याप्त प्रबंध वर्ष भर नहीं रहते। हालांकि विधानसभा चुनाव के दौरान ऐसे मतदान केंद्रों में बिजली की व्यवस्था दुरस्त की जा रही है। ताकि गर्मी के समय चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीण अंचल के मतदान केंद्रों में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए ग्राम के सरपंच और कोटवारों को जिम्मेदारी दी गई है। शहरी क्षेत्रों में सभी 249 मतदान केंद्रों की व्यवस्था विधानसभा चुनाव के दौरान से ही व्यवस्थित कर दी गई है। शहरी क्षेत्रों की विधानसभा के अंतर्गत कटघोरा नगर पालिका परिषद एवं दीपका नगर पालिका परिषद के साथ पाली व छुरी नगर पंचायत के मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नगरीय निकायों को दी गई है।

# सुगमता पूर्ण मतदान के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में सुगमता पूर्वक मतदान के लिए गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण का होना आवश्यक है। उन्होंने मतदान दलों को ईवीएम का हैण्ड्स ऑन कराने तथा महिला कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोरबा विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्रों में सहभागी बनने वाली महिला मतदान दलों को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने तथा उनके शंकाओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के दौरान सावधानी बरतने के संबंध में भी जानकारी देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक व्यवस्था हेतु जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एम.एम.जोशी ने अधिकारियों को ईव्हीएम, वीवीपेट मशीनों के संचालन, विभिन्न गतिविधियों, बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान मशीनों में टैग लगाने, संचालन करने, चालू-बंद करने, मॉकपोल, वास्तविक मतदान कराने आदि सभी पहलुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### जिला स्तरीय किक बाक्सिंग स्पर्धा संपन्न

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के मार्गदर्शन में जिला किकबाक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 7 से 15 वर्ष के बालक बालिकाओं की चिल्ड्रन एवं कैडेट वर्ग की जिला स्तरीय किकबाक्सिंग स्पर्धा का आयोजन सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी में में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं एकेडमी के संस्थापक तारकेश मिश्रा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जिले के लगभग 40 बालक बालिका किकबाक्सिंग खिलाड़ियों ने अलग अलग वजन वर्ग के अंतर्गत प्वाइंट फाइटिंग,लाइट कांटेक्ट एवं किक लाइट के इवेंट्स में हिस्सा लिया।

# अभ्यर्थियों के प्रवेश, नामांकन व्यवस्था हेतु कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव अंतर्गत कोरबा लोकसभा नामांकन की प्रक्रिया 12 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में अधिकारियों की टीम निर्वाचन में आवश्यक व्यवस्था हेतु लगाई गई है। चूंकि कलेक्टोरेट में ही नामांकन की प्रक्रिया संचालित होगी। इसलिए यहां नाम-निर्देशन के लिए कक्ष निर्धारित करने के साथ ही नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों, प्रस्तावकों और अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रवेश हेतु रूट तय किया जा रहा है। अभ्यर्थियों के प्रवेश तथा नामांकन को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने चिन्हित स्थानों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने नामांकन फार्म बिक्री, अभ्यर्थियों के प्रवेश, मीडिया हेतु आवश्यक व्यवस्था, चिन्हांकित स्थानों पर बैरिकेटिंग, सूचना पट्टिका और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता जीआर जांगड़े तथा सीएसपी कोरबा भूषण एक्का, डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण करते कलेक्टर अजीत वसंत व अन्य।

# तीसरी बार मोदी को ही बनाएंगे प्रधानमंत्री : सरोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी है उसे पूरा भी किया और प्रदेश सरकार लगातार कर रही है, अब आप सबकी बारी है कमल पर बटन दबाकर मोदी को तिसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की। उक्त बातें भाजपा की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने नुक्कड़ सभा में महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कि महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त की राशि आप सभी महिलाओं के बैंक खाता में आ गई है, तीसरी किस्त की राशि 1 मई को आपके खाता में डाल दी जाएगी। ऐसी सरकार कहां है जो महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करती हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो विकास किया है, महिलाओं को सम्मान दिया है उन्हें आप और हम सबका सहयोग आशीर्वाद मिलना ही चाहिए। बरपाली मण्डल के ग्राम सन्डैल, खरवानी, सरगबुंदिया, सोहागपुर, बरपाली, ढिढोरी, मड़वारानी, कराईनारा, कोथारी, फरसवानी, सुखरीकला, जामपानी, लबेद, तुमान, उमरेली में नुक्कड़ सभा में शामिल होकर जनता से अपने पक्ष में मतदान करके 400 सीट जीताकर फिर इस बार मोदी सरकार बनाने अपील की हैं।

# मुद्दों और विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा वाले बस हर साल बेवकूफ बना रहे हैं। वो मोदी की गारंटी क्या दे रहे हैं, हम तो कांग्रेस की गारंटी ले रहे हैं। कांग्रेस मुद्दों और विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है। देश, संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई का यह चुनाव है जिसमें आप सबको कांग्रेस का हाथ मजबूत करना है, वरना वे फिर आए तो संविधान बदल जाएगा और यह आखिरी चुनाव भी होगा। जल, जंगल, जमीन का अधिकार भी वो आप सबसे छीन लेंगे। उक्त बातें कोरबा सांसद व लोकसभा उम्मीदवार ज्योत्सना महंत ने सोमवार को संसदीय क्षेत्र के मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत गोविंदपुर, ठाकुरपारा, सिंघट, दुबछोला, बडक़ापारा, कटकोना, शिवपुर, पीपरबहरा, बेलबहरा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी की गारंटी का वादा है। अतिवर्षा, सूखा जैसे हालातों में 30 दिन के भीतर किसानों को मुआवजा देने की गारंटी है। विधवा, निराश्रित, सुखद सहारा सहित कई तरह की पेंशन योजनाओं में प्रत्येक हितग्राही को कांग्रेस की सरकार 1 हजार रुपए पेंशन देगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### चैत्र नवरात्र...

करने का जानकारी सामने आई है। इनके अलावा उप नगरीय क्षेत्र कटघोरा, करतला के डंगनाई मंदिर एवं पहाड़ गांव स्थित पुरानी देवी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जा रहे हैं। डंगनाई देवी मंदिर में अब तक 120 मनोकामना ज्योति कलश के रसीदे कटी हैं। शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी स्थापित देवी मंदिरों में 9 दिन तक चलने वाला आदि शक्ति के आराधना का दौर शुरु हो जाएगा। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों के अलावा वार्डों में स्थापित पुराने देवी मंदिरों में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाते हैं। जिनमें पुरानी बस्ती में स्थित जमीदारी के समय से स्थापित दुर्गा मंदिर प्रमुख रुप से शामिल है। इसके अलावा पुराने समय से आस्था का केंद्र बने अंधरी देवी मंदिर एवं मुड़ा दाई मंदिर में भी ज्योत कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे।

### कम बारिश से...

कार्य किया जाता है। पानी की वजह से उत्पादन घटा है। बड़े जलाशयों राज्य शासन ने ग्राम पंचायतों से भी बड़े तालाबों को मछली उत्पादन हेतु लेने के लिए विभाग को निर्देश दिए थे। किंतु बड़ी ग्राम पंचायतों में इसमें रुचि नहीं दिखाई। परिणाम स्वरुप ग्राम पंचायतों से विभागों को अपेक्षाकृत जलाशय नहीं मिले हैं उत्पादन घटने का यह कारण बताया जा रहा है।

### नियम विरुद्ध...

एवं ग्रामवासी भरूहामुड़ा ग्राम पंचायत चैतमा तहसील पाली द्वारा शिकायत कलेक्टर अजीत वसंत से की गई थी। कलेक्टर द्वारा इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दर्ज करते हुए संपूर्ण मामले की सुनवाई की गई। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न दस्तावेज एवं परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं शासन के निर्देश का अवलोकन किया गया। जिसमें स्पष्ट हुआ कि आंगनबाड़ी सहायिका/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का उसी ग्राम का निवासी होना अनिवार्य है, न कि ग्राम पंचायत के किसी भी ग्राम का। प्रस्तुत प्रकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संलग्न दस्तावेजों से यह स्पष्ट हुआ कि पदोन्नति का आधार ग्राम पंचायत माना गया है, जोकि शासन के जारी निर्देशों के विरूद्ध है। कलेक्टर ने कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली पदोन्नति आदेश को निरस्त कर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए पुनः पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नशे में धुत ग्रामीण ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी पर टांगी से वार कर हत्या कर दी। दोनों के गांव में दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गए थे जहां शराब पीने के बाद विवाद में आरोपी पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच उपरान्त आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके साथ ही लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम कतकालो डूमरपारा में 7 अप्रैल को नोहर साय के घर दशकर्म का कार्यक्रम चल रहा था। दशकर्म के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांव का रेगतु नाग भी पत्नी सखापति के साथ नोहर साय के घर पहुंचा था इस दौरान दोनों ने दशकर्म कार्यक्रम में जमकर शराब पीया। इस दौरान दम्पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और विवाद बढ़ने पर रेगतु ने पत्नी पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में महिला के सिर, कलाई, मस्तक व शरीर के अन्य स्थानों पर चोट आई थी। टांगी के वार से महिला जमीन पर गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मृतिका के भतीजे माधोराम आ. वीर सिंह ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद सीतापुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आज लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया इसके साथ ही मामले में कतकालो निवासी 55 वर्षीय रेगतु राम आ. बोधन राम मांझी को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर टांगी को जब्त कर लिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक भरतलाल साहू, सउनि शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक रामबचन, आरक्षक धनकेश्वर यादव, दिलसुख लकड़ा, रामसाय नागेश, पंकज देवांगन आदि सक्रिय थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, दशकर्म में शामिल होने गया था दम्पति

# नौकरी के नाम पर 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मंत्रालय में अपनी पहुंच व पहचान का झांसा देकर ठगी की। पुलिस ने इस मामले में जांच उपरान्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मिशन चौक निवासी संजय कुमार गुप्ता और किशोर कुमार गुप्ता ने मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति को झांसे में लिया। आरोपियों ने अपनी पहचान मंत्रालय में होने का हवाला देकर प्रार्थी की दोनों बेटियों की नौकरी महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर लगाने का झांसा दिया। आरोपियों ने नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की मांग की थी ऐसे में पिता ने बेटियों की नौकरी लगने की मोह में मोहल्ले के संजय कुमार गुप्ता व किशोर कुमार गुप्ता पर भरोसा कर उन्हें 7 लाख रुपए नगद व 3 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। 10 लाख रुपए देने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। जब पिता ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी पहले तो बहाना बनाते रहे और फिर पैसे देने से इनकार कर दिया। ऐसे में 22 फरवरी को मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी।



## कोरबा मार्केट



## मोरगा चौकी अंतर्गत ग्राम गिद्धमुडी में आयोजित हुआ शिविर

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दूरस्थ सरहदी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में नाबालिकों का विवाह की घटना अनभिज्ञता एवं अज्ञानता के कारण होती रहती है। नाबालिकों के विवाह से होने वाली हानियों को दृष्टिगत रखते हुए जागरूकता लाने एवं भविष्य में ऐसी घटना की पुर्नरावृत्ति न हो के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम, शिविर किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

मोरगा चौकी अंतर्गत जंगल परिक्षेत्र के ग्राम गिद्धमुडी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर विधिक जानकारी से अनभिज्ञ ग्रामीण जनो को विधिक जानकारी प्रदान किया गया। पीएलवी रविशंकर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह एक संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है, जिसमें दो वर्ष का कारावास या 1 लाख तक का जुर्माना या दोनों से दंड का प्रावधान है। केन्द्र सरकार ने विवाह हेतु परिपक्व लडकी की उम्र 18 वर्ष और लडका का उम्र 21 वर्ष निर्धारित किया है। बाल विवाह किसी बच्चे को अच्छे स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है। बाल विवाह से लडकियों को हिंसा, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह को विधि की दृष्टि में शून्य मानकर अपराध की संज्ञा दी गई है, लेकिन बाल विवाह से उत्पन्न बच्चे को समाज में सामान्य दर्जे का अधिकार होगा। साथ ही साथ उक्त शिविर में नालसा की बच्चों को मैत्री पूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए योजना 2015, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन योजना 2015, साइबर क्राइम, टोनही प्रताडना अधिनियम 2005, मानव तस्करी संबंध में जानकारी, मोटर दुर्घटना अधिनियम, मध्यस्थता और सुलह अधिनियम 1996, चाइल्ड नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, नालसा 15100 नेशनल लोक अदालत और निःशुल्क विधिक सेवा, व विधिक सेवा प्राधिकरण की जानकारी प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से संबंधित पाम्पलेट का वितरण कर विधिक जागरूकता प्रदान किया गया।


जागरुकता शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

## एक ही स्कूल के पांच छात्राओं का नवोदय में हुआ चयन

**ढेलवाडीह।** बीकन अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल ढेलवाडीह की पांच छात्राओं का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। चयनित छात्राओं में समीक्षा, राशि, कृतिका, काव्या एवं रितिषा शामिल हैं। बीकन अंग्रेजी स्कूल से से प्रतिवर्ष छात्र-छात्राओं का चयन नवोदय विद्यालय के लिए होता है। स्कूल सहित चयनित छात्राओं के माता पिता व उनके परिवार में हर्ष व्याप्त है। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शाला परिवार एवं गुरुजनों को दिया है।



## श्रम सेवा भूस्थापित और संघ ने की साफ-सफाई

**कोरबा।** चैत्र नवरात्रि के लिए मंदिरों की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। इसी कड़ी में श्रम सेवा भूस्थापित और आरएसएस संगठन द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व पर मां सर्वमंगला परिसर की साफ सफाई की गई। श्रम सेवा भूस्थापित और आरएसएस संगठन द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व पर मां सर्वमंगला परिसर की साफ सफाई की इस दौरान संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिन्होंने मंदिर के आसपास फैले कचरो को एकत्रित कर उसको मंदिर परिसर से दूर किया। इस कार्य के लिये कुछ दिनों पूर्व बैठक की गई थी इसका नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, अशोक पटेल, गोविंद सारथी, सुरेंद्र कुमार, लक्ष्मण पटेल, नवीन संदीप, ओम प्रकाश, जिसमे नीलकंठ कंपनी के जीएम अश्वनी सिंह का भी अहम योगदान रहा है।































8 korba-bhoomi pg4_Layout 1 4/8/2024 11:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### स्थैतिक निगरानी दल 10 अप्रैल से जांच पॉइंट पर होगी तैनात

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में स्थैतिक निगरानी दल का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएम जोशी द्वारा एसएसटी, एफएसटी, एमसीसी के नोडल अधिकारी विकास चौधरी, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण मनोज कुमार की उपस्थिति में स्थैतिक निगरानी दल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित जांच केंद्र में आवश्यक कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी चौधरी ने बताया कि स्थैतिक निगरानी दल 10 अप्रैल से निर्धारित स्थानों पर तैनात होकर कार्य करना प्रारंभ करेंगी। जिले में कुल 14 एसएसटी जांच केंद्र बनाए गए हैं।

### सी-विजिल ऐप से आम नागरिक कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

### विधानसभावार 40 प्रतिशत वीवी पैट मशीनों का चयन

**कोरबा।** रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में विधानसभा रामपुर (20), कोरबा (21), कटघोरा (22), अंतर्गत कुल मतदान केंद्रों की संख्या से 26 प्रतिशत के मान से बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 40 प्रतिशत वीवी पैट मशीनों का चयन किया गया एवं विधानसभा पाली-तानाखार क्रमांक 23 अंतर्गत कुल मतदान केंद्रों की संख्या से 29 प्रतिशत के मान से बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट व 41 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। विधानसभा रामपुर अंतर्गत कुल 284 मतदान केंद्रों हेतु 357 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 397 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया गया। इसी तरह विधानसभा कोरबा अंतर्गत कुल 249 मतदान केंद्रों हेतु 313 बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 348 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया। विधानसभा कटघोरा अंतर्गत कुल 254 मतदान केंद्रों हेतु 320 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 355 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया गया और विधानसभा पाली-तानाखार अंतर्गत कुल 300 मतदान केंद्रों हेतु 387 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 323 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया गया।

### कोई भी विज्ञापन जारी करने के पूर्व प्रमाणन लेना अनिवार्य

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थियों को समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी, पोर्टल, फेसबुक, यूट्यूब आदि में विज्ञापन जारी करने के पूर्व प्रमाणन लेना अनिवार्य है। जिले के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति जीएसटी भवन कलेक्ट्रेट में संचालित है। संबंधित अभ्यर्थी अपने विज्ञापन को जारी करने के पूर्व उस विज्ञापन का प्रारूप, दस्तावेज के साथ वीडियो-ऑडियो क्लिप सीडी और पेनड्राइव दोनों में अपलोड कर कार्यालयीन समय में प्रमाणन के लिए संपर्क कर सकते हैं।

## धूमधाम से मनाया गया हिन्दू नववर्ष, श्रीराम के नारों से गुंजायमान हुआ शहर

# आकर्षक झांकियों के साथ कटघोरा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



नगर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल नगरवासी व आकर्षक झांकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष का प्रारम्भ होता है। इसी उपलक्ष्य में कटघोरा के नववर्ष स्वागत समिति द्वारा सोमवार को हिन्दू नववर्ष के स्वागत को लेकर नगर में विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा कटघोरा के अग्रसेन भवन से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए जयस्तंभ चौक, शहीद वीर नारायण चौक, न्यू बस स्टैंड होते हुए मोहलाइनभाठा से होकर नगर के राधासागर तालाब में जाकर सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा में ढोल ताशा, धुमाल तथा आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू धर्मावलंबियों ने इस शोभायात्रा में शामिल होकर हिन्दू नववर्ष की सभी को बधाई दी। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की गई। नववर्ष स्वागत उत्सव में झांकियों में भगवान शिव पार्वती, माँ काली व श्री कृष्णराधा की जीवंत झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान शिव व मां काली के सुंदर नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं श्रीकृष्ण राधा की रासलीला ने उपस्थित लोगों नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। सभी लोगों ने नववर्ष आगमन को लेकर इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए। हिन्दू नववर्ष स्वागत समिति तथा संस्कार भारती द्वारा राधासागर के बीचोबीच रामलला की सुंदर प्रतिकृति की पूजा व आरती की गई तथा इसके पश्चात भव्य आतिशबाजी के साथ हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया गया। नगर के सभी धर्मावलंबियों ने भव्य आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हिन्दू नववर्ष स्वागत समिति द्वारा इस कार्यक्रम में लक्ष्मी गर्ग, विनय सिंह गहलोत, सुरेंद्र अग्रवाल, जागेश्वर सिंह मानसर, संजय अग्रवाल, संतोष साहू, गोल्डी गुप्ता, अशोक केडिया, भूपेंद्र वर्मा, कृष्ण गोपाल मित्तल, भारत भूषण साहू, शिव शंकर अग्रवाल, गोवर्धन जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मी जयसवाल, राजू अग्रवाल, मुरली मनोहर साहू, राज वर्मा, सीआर देवांगन, संतोष श्रीवास, गौरी शंकर जायसवाल, रामायण जायसवाल, आशुतोष साहू, नवीन कुमार, अशोक साहू, संतोष राजवाड़े एवं रमेश अग्रवाल शामिल रहे।

### 21 हज़ार दीप किए प्रज्जवलित

नववर्ष स्वागत समिति एवं संस्कार भारती द्वारा कटघोरा नगर के प्रसिद्ध राधासागर सरोवर में चरक परिवार द्वारा शंखनाद व गंगा आरती कर 21 हज़ार दीपक जलाकर हिन्दू नववर्ष का भव्य स्वागत किया। सभी इस भव्य दीप उत्सव में शामिल होकर इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बने। सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



### शोभायात्रा का जगह जगह किया गया स्वागत

हिन्दू नवर्ष के स्वागत में कटघोरा नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहीद वीर नारायण चौक पर विशेष साज सज्जा की गई तथा भगवामय चौराहे पर सिख्ख समुदाय द्वारा शर्बत का वितरण किया गया तो वहीं न्यू बस स्टैंड में मुरली मनोहर साहू द्वारा स्वल्पाहार का वितरण सभी शोभायात्रा में शामिल लोगों को वितरण किया गया।

### पुलिस रही अलर्ट

हिन्दू नववर्ष स्वागत को लेकर कटघोरा नगर के निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कटघोरा पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी व पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा स्वयं पुलिस बल के साथ जगह जगह अपनी निगरानी रखे हुए थे तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल जगह जगह तैनात रहे।

## राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रेण्डमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के चारों विधानसभा के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का आज ईएमएस 2.0 पोर्टल के माध्यम से प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया। रेण्डमाइजेशन के पश्चात फाईनालाइज्ड किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। रेण्डमाइजेशन वाली मशीन आईटी कालेज झगरहा के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित तरीके से रखी जाएगी। कलेक्टर अजीत वसंत ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया हेतु सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सूची के आधार पर ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का मिलान आईटी कालेज में स्ट्रांग रूम में विधानसभावार रखते समय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभावार मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर लिया गया है। रेण्डमाइजेशन पश्चात मशीनों को स्ट्रांग रूम में विधानसभा के अनुसार सूची उपलब्ध कराने के साथ सुरक्षित रखवाया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर दिनेश नाग, अनुपम तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएम जोशी, डीआईओ हेमंत जायसवाल सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## तीन किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



जप्त गांजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा अवैध नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 3 किलो गांजा जप्त कर आरोपियों के खिलाफ 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मानिकपुर पुलिस चौकी को पेट्रोलिंग दौरान के मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफ़ेद ऐक्टिवा क्र सीजी 10 बीई 9943 में पोंडीबहार से आरएसएस नगर की तरफ़ आ रहा है और उसके गाड़ी के डिक्की में गांजा रखा हुआ है। मुखबिर के बताये अनुसार घेराबंदी कर आरोपी से उक्त एक्टिवा के डिक्की में रखे 40 ग्राम गांजा को बरामद किया गया। उक्त गांजा के संबंध में आरोपी से पूछने पर बताया गया कि पोड़ीबहार के राजपूत ऑटोड्राइवर के कहने पर उक्त गांजा को खरमोरा के रवि साहू के पास से ला रहा है। रवि साहू का पता करने पर वर्तमान में अड़भार में रहना पता चलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल टीम रवाना कर आरोपी रवि साहू को पकड़ा गया और उसके मेमोरेंडम के आधार पर उससे 3 किलोग्राम गांजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है और चौकी मानिकपुर में 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

## समस्याओं को लेकर महिलाओं ने सब एरिया मैनेजर ढेलवाडीह को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपने पहुंचे महिलाएं व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंघाली ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम अभयपुर के महिलाओं ने कोयलाधानी भूविस्थापित किसान संघ के तत्वाधान में सब एरिया मैनेजर ढेलवाडीह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विशेष तौर से पेयजल की समस्या और डेवलपमेंट के चलते भूकंपन के कारण मकानों में दरारें और पंचायत द्वारा किए गए बोर के धशान को लेकर लिखित में शिकायत किया गया। गांव में 2 बोर पूर्ण रूप से धंस चुके हैं। ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल के पास का बोर भी पूरी तरह से सुख चुका है। भूकंपन के कारण बोर से काला पानी आ रहा है। संगठन ने इस संबंध में मांग की है कि अगर जल्द से जल्द पेयजल की व्यवस्था नहीं की जाती और धंसे हुए बोर को जांच कर उसको तत्काल सुधार करे और खदान के डेवलपमेट के कारण जो मकानों में दरारें पड़ी है उसकी जांच कर उचित मुआवजा प्रदान नही की जाती है तो मजबूर होकर संगठन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल देलवादीह और एसईसीएल कोरबा प्रबंधन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से कोयलाधानी भूविस्थापित किसान संघ के अध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह तंवर, राम सिंह कंवर, राज दीवान, तीज कुंवर, सकून कंवर, गायत्री कंवर, मंगल कंवर, पूरन बाई, छत कुंवर, अमरीका कंवर, मान कंवर, विमला बाई, कल्याण सिंह, बाल कंवर शामिल थे।

## 240 किलो लाहन सहित 51 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जिले में अवैध शराब बनाने बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने दीपका में दबिश देकर 51 लीटर महुआ शराब व 240 किलो महुआ लाहन जप्त करने में सफलता हासिल की है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम लगातार मुहिम चला रही है।

कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर सहायक आयुक्त आपकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन पर आबकारी उप निरीक्षक दीपका सुकांत पांडे को मोबाइल से सूचना मिली थी कि केराकछार में लक्ष्मी जयसवाल व अनिल जायसवाल के मकान में अवैध शराब का जखीरा रखा हुआ है। सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने दोनों के मकान में दबिश दी जहां दोनों आरोपियों के कब्जे से आबकारी विभाग की टीम ने 51 लीटर महुआ शराब व 240 किलो महुआ लाहन जप्त किया है। आबकारी विभाग के मुताबिक दोनों पिछले लंबे समय से इस अवैध कारोबार से जुड़े हुए थे और शराब बनाकर क्षेत्र में खपाने का धंधा संचालित कर रहे थे। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से इस अवैध कारोबार में जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क,च) 34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, राजेश दुबे एवं अंबिका का सराहनीय योगदान रहा।

## दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत, एक युवक की मौत, दो नाबालिग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-हाटी मार्ग पर एक बार फिर से सड़क हादसा हुआ है। जिससे एक घर में शादी समारोह की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। कोरबा-हाटी मार्ग पर दो बाइकों के मध्य भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक में सवार दोनों नाबालिग बालक घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ग्राम सरईडीह निवासी दोनों नाबालिग तेज रफ्तार में जा रहे थे। इसी दौरान डोंगदरहा निवासी गोपाल प्रसाद उम्र लगभग 34 वर्ष डोंगदरहा से अपनी बहन की शादी का कार्ड देकर लौट रहे युवक की बाइक उनसे टकरा गई। जिससे गोपाल प्रसाद की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया जबकि मृतक गोपाल प्रसाद की लाश को चीरघर भिजवा दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कथावाचक का स्वागत करते आयोजक अशोक मोदी।

आदि शक्ति महिला मंडल के तत्वाधान में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन रेल्वे स्टेशन के सामने वार्ड क्रमांक 8 में किया गया। जिसमें जिले के धार्मिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रसिद्ध व्यवसायी अशोक मोदी कथा में पहुंचकर कथावाचक पं. कृष्ण कुमार का सम्मान किया। अशोक मोदी ने बताया कि कोरबा ही नहीं अपितु पूरे देश भर में इस प्रकार की कथा का आयोजन किया जाना चाहिए, इससे धर्म के प्रति लोगों में आस्था बढ़ती है एवं आने वाली पीढ़ी को भी धर्म के बारे में भी जानकारी होती है। पं.कृष्ण कुमार द्विवेदी ने व्यासपीठ से उन्हें सफल होने का आर्शीवाद दिया साथ ही श्री मोदी ने इस कार्यक्रम को आयोजित किये जाने पर आदि शक्ति महिला मंडल की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। श्रीमद् भागवत कथा का एक क्षण भी मोक्ष प्रदान करता है। 30 मार्च से प्रारम्भ कथा में कथावाचक पं कृष्ण कुमार द्विवेदी के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग कथा सुनाई गई जिसके अंतर्गत परीक्षित जन्म, अजामिल प्रहलाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, बाललीला, रासलीला, रूक्मणी विवाह, कंस वध, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा के अंतिम दिवस तुलसी वर्षा, चढ़ोत्री, सहस्त्रधारा एवं ब्राम्हण भोज कराया गया।




